Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 12 जनवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 106

## महत्वपूर्ण एवं खास

### हरियाणा, पंजाब, दिल्ली में 50 जगह सीबीआई के छापे ; डीजीएम गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सीबीआई ने बुधवार को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए डीजीएम स्तर के एक अधिकारी को गिरफ्तार करने के बाद पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में 50 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि एफसीआई में तकनीकी सहायकों से लेकर कार्यकारी निदेशकों तक की भूमिका जांच के दायरे में है। उन्होंने कहा कि एफसीआई में एक उप महाप्रबंधक (डीजीएम) को 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किए जाने के बाद छापेमारी शुरू की गई। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा के कई शहरों के साथ ही दिल्ली में दो स्थानों पर भी छापेमारी की गई। सूत्रों ने कहा कि सीबीआई ने एफसीआई में भ्रष्टाचार के गठजोड़ के खिलाफ अभियान शुरू किया है, जिसमें खाद्यान्न की खरीद, भंडारण और वितरण में लगे अधिकारियों, चावल मिल मालिकों, अनाज व्यापारियों आदि की एक पूरी शृंखला शामिल है। उन्होंने कहा कि सीबीआई कई शिकायतों के बाद पिछले छह महीने से खुफिया जानकारी जुटा रही थी। राज्य सरकार के कर्मचारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में होगी।

### लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की सुनवाई पूरी करने में लग सकते हैं 5 साल : सत्र न्यायाधीश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की सुनवाई कर रहे सत्र न्यायाधीश ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि सामान्य तौर पर मुकदमे की सुनवाई पूरी करने में लगभग पांच साल लग सकते हैं। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा का बेटा आशीष मिश्रा भी एक आरोपी है। शीर्ष अदालत को भेजे पत्र में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने कहा है कि मामले में अभियोजन पक्ष के 208 गवाह, 171 दस्तावेज और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की 27 रिपोर्ट हैं। शीर्ष अदालत ने पिछले महीने सत्र अदालत से पूछा था कि उस अदालत में अन्य लंबित या प्राथमिकता वाले मुकदमों की समय-सारणी से समझौता किए बिना लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की सुनवाई पूरी करने में सामान्य तौर पर कितना समय लगने की संभावना है। पीठ अक्तूबर 2021 में लखीमपुर खीरी में प्रदर्शन कर रहे किसानों को एसयूवी से कुचलने के मामले में आशीष मिश्रा की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 19 जनवरी की तारीख मुकर्रर की।

### बक्सर में उग्र हुआ किसानों का प्रदर्शन, पुलिस वाहन फूंके; पावर प्लांट में तोड़फोड़

**बक्सर (आरएनएस)।** बिहार के बक्सर जिले में चौसा थर्मल बिजली संयंत्र के द्वारा अधिग्रहित भूमि के उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने बुधवार को पुलिस की गाडिय़ों को तोडफ़ोड़ कर आग लगा दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि चौसा थर्मल पावर प्लांट के द्वारा अधिग्रहित भूमि के उचित मुआवजे की मांग को लेकर चल रहे किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया। उग्र लोगों ने पुलिस की गाडिय़ों में तोडफ़ोड़ की और उसमें आग लगा दी। चौसा स्थित पावर प्लांट में किसानों ने घुसकर जमकर तोडफ़ोड़ और आगजनी कर दी। प्लांट में खड़े वाहनों को किसानों ने आग के हवाले कर दिया।

# आने वाले समय में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनेगा भारत

**❑ ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में बोले पीएम मोदी**

**इंदौर (आरएनएस)।** पीएम मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ किया। ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में देश-विदेश के निवेशक शामिल हो रहे हैं। समिट को पीएम मोदी ने संबोधित किया और कहा कि एमपी गजब है, अजब है और सजग भी है।

पीएम मोदी ने कहा कि विकसित होता इंफ्रास्ट्रक्चर भी इन्वेस्टमेंट की संभावनाओं को जन्म दे रहा है। भारत आने वाले समय में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनेगा। आठ साल में हमने नेशनल हाईवे के निर्माण की स्पीड दोगुनी की है। ऑपरेशनल एयरपोर्ट दोगुने हो चुके हैं। पोर्ट हैंडलिंग कैपेसिटी, टर्नअराउंड सुधरा है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, लॉजिस्टिक पार्क, एक्सप्रेस वे भारत की पहचान बन रहे हैं। गति शक्ति योजना के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण का नेशनल प्लेटफॉर्म है। इस पर अपडेटेड डेटा रहता है।




पीएम मोदी ने कहा, भारत सबसे कम्पीटिटिव लॉजिस्टिक मार्केट के तौर पर पहचान बना रहा है। नेशनल लॉजिस्टिक पॉलिसी भी लागू की है। भारत स्मार्टफोन डेटा, ग्लोबल फिनटेक, आईटी-बीपीएल आउटसोर्सिंग में नंबर वन है। तीसरा एविएशन और ऑटो मार्केट है। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर सब आशावादी है। ग्लोबल ग्रोथ के लिए यह कितना जरूरी है, आप जानते हैं। भारत गांव-गांव तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचा रहा है। तेजी से 5जी नेटवर्क का विस्तार कर रहा है। इससे हर इंडस्ट्री और कंज्यूमर के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स से लेकर एआई तक जो भी नए अवसर बन रहे हैं, वह विकास की गति को और तेज करेंगे। इन प्रयासों से ही आज मेक इन इंडिया को नई ताकत मिल रही है। मैन्युफैक्चरिंग की दुनिया में भारत तेजी से विस्तार कर रहा है।

मोदी ने कहा कि तीन-चार साल में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। मैकेंजी के सीईओ ने कहा है कि यह न केवल भारत का दशक है, बल्कि शताब्दी है। संस्थाओं और विश्वसनीय आवाजों का भारत पर भरोसा है। आशावादी है। ग्लोबल इन्वेस्टर भी इसी तरह की बातें कर रहे हैं। इंटरनेशनल बैंक ने सर्वे कराया कि ज्यादातर इन्वेस्टर्स भारत को प्राथमिकता दे रहे हैं। भारत रिकॉर्ड ब्रेकिंग एफडीआई आ रही है। भारत के प्रति यह आशावाद मजबूत लोकतंत्र, युवा डेमोग्राफी और राजनीतिक स्थिरता की वजह से है। भारत जो फैसले ले रहा है, वह ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा दे रहे हैं। हमने संकट में सुधारों का रास्ता लिया है। भारत रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म के रास्ते पर है। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने इसे गति दी है। इसका परिणाम है कि भारत इन्वेस्टमेंट के लिए आकर्षक डेस्टिनेशन बना हुआ है।

## भारत ने पृथ्वी-2 मिसाइल का किया सफल परीक्षण, 350 किमी तक लक्ष्य भेदने में सक्षम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल, पृथ्वी-2 का मंगलवार को ओडिशा तट के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से सफल परीक्षण किया गया, रक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मिसाइल ने उच्च सटीकता के साथ अपने लक्ष्य को भेदा। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि प्रयोक्ता प्रशिक्षण लॉन्च ने मिसाइल के सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सफलतापूर्वक सत्यापित किया, पृथ्वी-द्वितीय, अच्छी तरह से स्थापित प्रणाली, भारत के परमाणु प्रतिरोध का एक अभिन्न अंग रही है।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पृथ्वी-2 बैलिस्टिक मिसाइल को स्वदेशी तरीके से विकसित किया है। पृथ्वी-2 मिसाइल की मारक क्षमता 350 किलोमीटर है। पृथ्वी-2 500 से 1,000 किलोग्राम भार तक के हथियारों को लेकर जाने में सक्षम है।



रक्षा मंत्रालय के अनुसार पृथ्वी-2 मिसाइल प्रणाली बेहद कामयाब मानी जाती है और बहुत उच्च स्तर की सटीकता के साथ निर्धारित लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। पिछले साल दिसंबर में 5,000 किलोमीटर तक के दायरे में लक्ष्य भेदने में सक्षम अग्नि-5 परमाणु सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का रात के समय सफल परीक्षण किया गया था। परीक्षण ओडिशा में भी किया गया था और परीक्षण के परिणामों के आधार पर मिसाइल की रेंज को और बढ़ाया जा सकता है। मिसाइल में नए उपकरण और अधिक उन्नत तकनीक सुनिश्चित करने के लिए अग्नि 5 का परीक्षण किया गया था। परीक्षण की गई अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल पहले से हल्की थी।

## जम्मू-कश्मीर के माछल सेक्टर में बड़ा हादसा, खाई में गाड़ी गिरने से तीन जवान शहीद

**श्रीनगर(आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास गहरी खाई में गिरने जाने से एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) सहित तीन सैनिक शहीद हो गए है। सेना के अनुसार, यह घटना नियमित परिचालन कार्य के दौरान अग्रिम इलाके में हुई। सेना ने कहा कि अग्रिम इलाके में एक नियमित परिचालन के दौरान रास्ते पर बर्फ गिरी होने से एक जेसीओ और दो ओआर (अन्य रैंक) का एक दल गहरी खाई में गिर गया। तीनों के शव निकाल लिए गए हैं।



माछिल सेक्टर में पिछले दो माह में यह दूसरी दुर्घटना है। पिछले साल नवंबर में माछिल में एक गश्ती दल पर भारी हिमस्खलन हुआ था, जिसमें सेना के तीन जवान हताहत हुए थे। अधिकारियों का हादसे के बारे में कहना था कि सेना की 56 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) के तीन सैनिक नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक्टर में हिमस्खलन की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के बाद उनके शव बरामद कर लिए गए।

### धीरूभाई अंबानी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई(आरएनएस)।** मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जानकारी के अनुसार, स्कूल के लैंडलाइन पर बीती शाम 4.30 बजे एक शख्स ने कॉल कर कहा कि मैंने आपके स्कूल में टाइम बम लगाया है। इतना बोलकर कॉलर ने फोन कट कर दिया। स्कूल की शिकायत के आधार पर बीकेसी पुलिस ने अज्ञात कॉलर के खिलाफ आईपीसी की धारा 505 (1)(क्च) और 506 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक कॉल करने वाले शख्स को ट्रेस कर लिया गया है और पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लेगी।

## कैबिनेट ने तीन नई बहु-राज्य सहकारी समितियों की स्थापना को मंजूरी दी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बहु-राज्य सहकारी समितियां (एमएससीएस) अधिनियम, 2002 के तहत राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी बीज समिति की स्थापना को मंजूरी दे दी। यह गुणवत्ता वाले बीजों के उत्पादन, खरीद, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग, लेबलिंग, पैकेजिंग, भंडारण, विपणन और वितरण के लिए शीर्ष संगठन के रूप में कार्य करेगा।



बीज समिति सामरिक अनुसंधान और विकास को भी बढ़ावा देगा और स्वदेशी प्राकृतिक बीजों के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक प्रणाली भी विकसित करेगा। यह बीज प्रतिस्थापन दर (एसआरआर) और किस्म प्रतिस्थापन दर (वीआरआर) को और बढ़ावा देगा और उपज अंतराल को कम करने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद करेगा।

मंत्रिमंडल ने एमएससीएस अधिनियम, 2002 के तहत राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी जैविक समिति की स्थापना को भी मंजूरी दी। यह बड़े संगठन या एकत्रीकरण, खरीद, प्रमाणीकरण, परीक्षण, ब्रांडिंग और जैविक उत्पादों के विपणन के रूप में कार्य करेगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एमएससीएस अधिनियम, 2002 के तहत राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी निर्यात समिति की स्थापना को भी मंजूरी दी। यह संस्था प्रासंगिक केंद्रीय मंत्रालयों के समर्थन से देश भर में विभिन्न सहकारी समितियों द्वारा उत्पादित अधिशेष वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात की सुविधा प्रदान करेगी।

## देश में कोविड के 171 नए मामले आए सामने

**❑ उपचाराधीन मरीजों की संख्या में गिरावट**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 संक्रमण के 171 नए मामले आए, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढक़र 2,342 हो गई. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार सुबह आठ बजे अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमितों की संख्या बढक़र 4,46,80,386 पर पहुंच गई है, जबकि मृतक संख्या 5,30,722 पर बनी हुई है.

आंकड़ों के मुताबिक, देश में दैनिक संक्रमण दर 0.09 फीसदी और साप्ताहिक संक्रमण दर 0.11 प्रतिशत दर्ज की गई है. स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल संक्रमितों का 0.01 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से उबरने वालों की राष्ट्रीय दर बढक़र 98.80 प्रतिशत हो गई है.

पिछले 24 घंटे की अवधि में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 23 की वृद्धि दर्ज की गई है. देश में संक्रमण को मात देने वाले लोगों की संख्या बढक़र 4,41,47,322 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत दर्ज की गई है. स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में कोविड-19 रोधी टीकों की अब तक 220.15 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं.गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी. संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे. देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे. पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी. इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार हो गए थे.

### कोविड-19 फिर एक्टिव, उच्च संक्रमण वाले देशों के यात्री पहनें मास्क- डब्लूएचओ ने जारी की एडवायजरी

**वॉशिंगटन।** दुनिया के कई देशों में ओमिक्रॉन के सब-वैरिएंट एक्सबीबी 1.5 का प्रसार तेजी से हो रहा है। विशेष तौर पर यह वैरिएंट संयुक्त राज्य अमेरिका में धीरे-धीरे अपना असर दिखा रहा है, जिस पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चिंता जाहिर की है। डब्ल्यूएचओ ने एडवायजरी जारी करते हुए सभी देशों से अपील की है कि वे ऐसे देश जहां कोरोना संक्रमण का प्रकोप ज्यादा है, वहां की यात्रा करने वाले अपने यात्रियों को मास्क पहनने की सलाह दें। डब्ल्यूएचओ के वरिष्ठ आपातकालीन अधिकारी कैथरीन स्मॉलवुड ने कहा, लंबी दूरी व उच्च जोखिम वाली जगहों पर जाने वाले यात्रियों को मास्क पहनने की सलाह दी जानी चाहिए।

## धुएं के कारण आस-पास के इलाकों में रहने वाले 200 लोगों ने छोड़ा घर

**❑ गोवा में पेंट फैक्टरी में आग**

**पणजी (आरएनएस)।** गोवा में पणजी के पास पिलेर्न औद्योगिक क्षेत्र में एक पेंट निर्माण संयंत्र में आग लगने के बाद धुएं की मोटी परत छाने के कारण आस-पास रहने वाले करीब 200 लोग अपना घर छोडक़र कहीं और चले गए हैं. एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी.



उत्तरी गोवा के जिलाधिकारी मामू हेगे ने बताया कि मंगलवार अपराह्न करीब ढाई बजे औद्योगिक इलाके में स्थित बर्जर बेकर कोटिंग्स फैक्टरी में आग लग गई. जिला प्रशासन ने बाद में एक परामर्श जारी किया, जिसमें फैक्टरी के दो किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को कहीं और स्थानांतरित होने के लिए कहा गया, क्योंकि धुएं से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं. इस बीच, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंगलवार रात फैक्टरी स्थल का दौरा किया. जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बुधवार तडक़े आग पर काबू पा लिया गया.

अधिकारी ने कहा कि फैक्टरी के पास रहने वाले लगभग 200 लोग अपने आप कहीं और चले गए हैं. उन्होंने कहा कि सरकार को हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि लोग खुद ही अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के यहां चले गए. मुख्यमंत्री सावंत ने मंगलवार को कहा था कि सरकार ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं.

## शांति कुमारी तेलंगाना की नई मुख्य सचिव, पद संभालने वाली पहली महिला

**हैदराबाद (आरएनएस)।** केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सोमेश कुमार को आंध्र प्रदेश भेजे जाने के एक दिन बाद वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ए. शांति कुमारी को तेलंगाना का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया। 1989 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी, शांति कुमारी ने नियुक्त होने के तुरंत बाद कार्यभार संभाला-वह तेलंगाना की पहली महिला मुख्य बनी हैं। कार्यभार संभालने के बाद, उन्होंने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से मुलाकात की और उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के लिए धन्यवाद दिया।

मुख्य सचिव के रूप में नियुक्ति से पहले वह स्पेशल मुख्य सचिव, वन का पद संभाल रही थीं। समुद्री जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर, उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका में एमबीए किया और दो साल तक संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रमों में भी काम किया। अपनी तीन दशकों की सेवा के दौरान, उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी उन्मूलन, कौशल विकास और वन विभागों में विभिन्न पदों पर काम किया।

डीओपीटी ने सोमेश कुमार को 12 जनवरी तक आंध्र प्रदेश सरकार में शामिल होने के लिए कहा है। कैट की हैदराबाद पीठ ने 29 मार्च, 2016 को सोमेश कुमार को तेलंगाना आवंटित करने का आदेश पारित किया था। 2014 में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के दो अलग-अलग राज्यों में संयुक्त आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद, केंद्र सरकार ने अविभाजित राज्य में काम कर रहे आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को आंध्र प्रदेश के शेष राज्य और नव-निर्मित तेलंगाना में फिर से आवंटित किया था।

इस प्रक्रिया में, 1989 बैच के आईएएस अधिकारी सोमेश कुमार को डीओपीटी द्वारा आंध्र प्रदेश आवंटित किया गया था।

## बीएसएफ ने 29 कश्मीरी बच्चों को भारत दर्शन पर भेजा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों के 29 बच्चों को भारत दर्शन के लिए भेजा है। इनमें 22 लडक़े और 7 लड़कियां शामिल हैं। ये शैक्षिक-सह-प्रेरक भारत दर्शन है, जिसमें सभी बच्चे और एक शिक्षक मिलकर शांति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देंगे। साथ ही देश की दूसरी संस्कृति से भी रूबरू होंगे।

बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि कश्मीर घाटी के सुदूर सीमावर्ती इलाकों के बच्चों के भारत दर्शन दौरे को हरि झंडी दिखाई गई है। 7 दिनों का यह दौरा होगा। इस ग्रुप में 29 बच्चे हैं, जिनमें 22 लडक़े और 7 लड़कियां शामिल हैं। विनम्र पृष्ठभूमि के इन छात्रों का चयन सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों से किया गया है। बीएसएफ ने युवा कश्मीरी छात्रों के लिए गर्मजोशी से विदाई का आयोजन किया।

बीएसएफ ने बताया कि 7 दिनों के दौरे के दौरान, यह समूह मुंबई और उसके आसपास के सभी प्रमुख पर्यटक आकर्षणों का दौरा करेगा, जैसे गेटवे ऑफ इंडिया, नेहरू साइंस सेंटर, मरीन ड्राइव, जहांगीर आर्ट गैलरी, हाजी अली दरगाह, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र शामिल है। एक अधिकारी ने बताया कि इन यात्राओं का उद्देश्य युवाओं को हमारे देश की विभिन्न संस्कृतियों, रीति-रिवाजों और लोकाचारों से परिचित कराना है।




बीएसएफ ने कहा कि वो इस वर्ष के दौरान 5 भारत दर्शन टूर आयोजित करने जा रहा है, जिसमें कश्मीर घाटी से कुल 105 छात्र भाग लेंगे। ये दौरे युवाओं को एक व्यापक परिप्रेक्ष्य विकसित करने, अवलोकन के माध्यम से उनकी समझ और ज्ञान में सुधार करने और उन्हें देश के अन्य हिस्सों में उपलब्ध शैक्षणिक और व्यावसायिक अवसरों के बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित करने में मदद करेंगे।

जानकारी के अनुसार सीमावर्ती समुदाय और युवाओं के साथ जुडऩे के अपने प्रयासों के तहत, बीएसएफ कश्मीर ने अब तक कई भारत दर्शन दौरों के माध्यम से कश्मीर घाटी के दूरदराज के इलाकों से 1100 युवाओं को देश के विभिन्न हिस्सों में भेजा है